## पार्क की दशा सुधारेगा बांठिया स्मृति प्रन्यास

**बीकानेर,** (कासं)। भीनासर में मुरली मनोहर मंदिर मैदान से सटते हुए पार्क के दिन अब फिरने वाले हैं। 100 फीट लम्बे 100 फीट चौड़े इस पार्क का अब सौन्दर्यीकरण होगा। इस पार्क की दशा सुधारने का जिम्मा शहीद अमरचंद बांठिया स्मृति प्रन्यास ने लिया है।

प्रन्यास ने नगर निगम से अनुपम मिशन योजना में यह पार्क तीन साल से लिए गोद लिया है। प्रन्यास के संयोजक संतोष बांठिया ने बताया कि प्रन्यास ने पत्र के माध्यम से भीनासर के मुरली मनोहर मैदान से सटते पार्क को गोद लेने के लिए प्रस्ताव दिया था। प्रन्यास के सुमतिलाल बांठिया, डॉ धर्मचंद जैन, किशोर बांठिया के साथ नगर निगम महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने अनुपम मिशन के तहत मोहर लगाते हुए संस्था के साथ तीन वर्षीय अनुबंध किया है।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उद्यान को विकसित करने पर अतिशीघ्र ही योजना बनाकर नवीनीकरण व सुसज्जिकरण करते हुए उपयोगी बनाने पर कार्य शुरू कर दिया जायेगा। प्रन्यास संयोजक बांठिया ने बताया कि उद्यान के सौन्दर्यीकरण के तहत पौधारोपण, रंग-रोगन, भ्रमण पथ का निर्माण आदि कार्य किए जायेंगे। विदित रहे कि निगम ने तीन वर्षों के लिए यह उद्यान संस्था को गोद दिया है। संस्था अब इस अवधि में उद्यान को विकसित करेगा। करीब 10 साल पहले क्षेत्रीय सांसद अर्जुनराम मेघवाल के कहने पर इस पार्क का जीर्णोद्धार किया गया था।

# सोशल मीडिया वर्तमान में लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती : गुईटे

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय एवं भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित भारत 2047 के अन्तर्गत आज दूसरे दिन विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न भवनों में करीब 25 तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। जिसमें देश भर से आये शिक्षाविदों ने अलग-अलग विषयों पर अपना पत्रवाचन किया।

तकनीकी सत्र में ही विशेष रूप से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

- **अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित भारत 2047 के अन्तर्गत 25 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया**




**महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय एवं भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में तकनीकी सत्र को एच. एल. गुईटे ने संबोधित किया।**

एवं वर्तमान में आयुक्त, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग होलियन लाल गुईटे ने 'डिजिटल मीडिया और चुनावी नतीजों पर इसका प्रभाव' विषय पर अपने शोध पत्र का वाचन किया। उन्होंने विभिन्न मीडिया एजेंसियों भारत सरकार के आंकड़ों, सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त आंकड़ों आदि का परीक्षण एवं विश्लेषण कर विस्तार पर विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया वर्तमान में लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों से नागरिकों के विचारों में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहां कि सोशल मीडिया के माध्यम से नागरिकों में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने तकनीकि शब्दावली वर्चुयल प्रोटेस्ट (आभासी विरोध) के संदर्भ मे भी अलग-अलग बिन्दुओं के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने सोशल मीडिया के महत्व को इंगित करते हुए कहां कि सोशल मीडिया राजनीतिक दलों की मौन निगरानी करने का नागरिकों का एक प्लेटफार्म है। उन्होंने वर्तमान समय में फेंक न्यूज एवं इससे पड़ने वाले दुष्परिणामें के बारे में भी अपनी बात कही।

अन्य तकनीकी सत्र में प्रो चांदनी सक्सेना ने 'भारत विश्व में लोकतंत्र की ध्वजवाहक' विषय पर अपना पत्रवाचन किया। मीडिया प्रभारी डॉ बिट्ठल बिस्सा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-विदेश से आये प्रतिभागियों के सम्मान में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध कालबेलिया भवाई नृत्य का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा किया गया। प्रसिद्ध सूफी गायक असगर खां एण्ड पार्टी ने पधारों म्हारे देश एवं मार्कण्डे रंगा ने धरती धोरा री गीतों की प्रस्तुतियां देकर प्रतिभागियों को राजस्थान की संस्कृति से अवगत करवाया। प्रतिभागियों को बीकानेर के परम्परागत खाद्य पदार्थों से अवगत करवाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर भुजिया, पापड़, रसगुल्ला, दूध, रबड़ी, कचौडी आदि की स्टाल्स उपलब्ध करवाई गई।

## 14 केन्द्रों पर होगी समान पात्रता परीक्षा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकंडरी स्तर) 22 से 24 अक्टूबर तक होगी। जिले के 41 परीक्षा केन्द्रों पर 3 दिन (प्रतिदिन 2-2) 6 पारियों में कुल 78048 परीक्षार्थी बैठेंगे।

प्रति पारी 13008 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रतिदिन प्रथम पारी में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय में 3 बजे से 6 बजे तक परीक्षा ली जायेगी। जिला प्रशासन ने सफल परीक्षा संचालन के लिए तैयारियों पूर्ण कर ली है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने अपनी बसों में परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए निःशुल्क बस व्यवस्था की है। परीक्षा दिनों में जिले के भादरा और नोहर से सुबह 4.30 बजे से 4-4 बस, रावतसर से सुबह 5.30 बजे 3 बस, पल्लू से सुबह 4.30 बजे 2 बस, सूरतगढ़ से सुबह 5 बजे 3 बस, पीलीबंगा से सुबह 5.30 बजे 4 बसें रवाना होंगी। निगम के मुख्य प्रबंधक अंकित शर्मा ने बताया कि द्वितीय पारी के लिए भी बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। निःशुल्क बस व्यवस्था परीक्षा दिनांक के एक दिन पूर्व और दिन के बाद के लिए ही रहेगी। परीक्षार्थियों से ज्यादा किराया वसूलने पर ऑटो, ई-रिक्शा, निजी बस संचजिला कलेक्टर कानाराम ने जिला परिवहन अधिकारी को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को केन्द्रों तक सुगमता से पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

# चाकूबाजी की वारदात में घायल पिता की मौत, पुत्र भर्ती

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के कोतवाली थाना इलाके में चाकूबाजी की वारदात में घायल हुए पिता-पुत्र में से पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जबकि पुत्र का पीबीएम में उपचार चल रहा है।

जानकारी मिली है कि उस्ता बारी के बाहर आपसी विवाद के चलते कुछ युवकों ने महेश व्यास पर हमला बोल दिया। जिसे बचाने पहुंचे पुत्र शंकर व्यास के भी चाकू से वार किया गया। इस वारदात में दोनों के सिर और सीने पर चोट लगी है। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों घायल हो गए या दोनों पर हमले किए गए हैं। इसकी छानबीन की जा रही है। पीबीएम में उपचार के दौरान महेश व्यास की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इसके बाद थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी भी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस

- **किसी बात को लेकर विवाद होने पर दो युवकों ने पिता-पुत्र पर चाकू से हमला किया**

ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। इसके बाद ही पुलिस गिरफ्तारी की कार्रवाई करेगी। हालांकि हमला करने वालों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

बताया जा रहा है कि हमलावर जस्सूसर गेट क्षेत्र के निवासी है। जिनका व्यास परिवार से किसी विवाहिता को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। इस घटनाक्रम के बाद आपसी समझाइश के बाद मामला शांत भी हो गया। लेकिन अचानक शनिवार दोपहर फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया और दो युवकों ने पिता-पुत्र पर चाकू से हमला बोल दिया। इससे पूर्व उस्ता बारी में शनिवार सुबह दोपहर चाकूबाजी हुई। दो पक्षों में आपसी विवाद हुआ। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। एक पक्ष चाकू लेकर आ गया। जिसमें महेश व्यास और शंकर व्यास दोनों गंभीर घायल हो गए। महेश और शंकर दोनों पिता-पुत्र है। दोनों के सिर और सीने पर चोट लगी है। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों घायल हो गए या दोनों पर हमले किए गए हैं। इसकी छानबीन की जा रही है।

घटना की जानकारी मिलने के साथ ही नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी भी मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों के बयान होने के बाद मामला दर्ज किया जायेगा। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। घायलों के बयान होने के बाद ही मामला दर्ज होगा। इसके बाद ही पुलिस गिरफ्तारी की कार्रवाई करेगी। हालांकि हमला करने वालों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

## शहर के बाहरी हिस्से में दिखने लगी धुंध

**बीकानेर,** (कासं)। अक्टूबर आधे से ज्यादा बीत चुका है। अक्टूबर हीट का मिजाज अब भी नहीं बदल रहा। रात का पारा सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा पर है। दो दिन से रात में राहत महसूस नहीं हो रही। दिन का पारा सामान्य पर ही है। बीती रात का न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री रिकार्ड किया गया जबकि 20 डिग्री होना चाहिए।

आने वाले दिनों इसमें एक से दो डिग्री की और बढ़ोतरी होने की संभावना है लेकिन दिन का पारा सामान्य 36 डिग्री के आसपास है। अगर रात का पारा सामान्य पर आ जाता है तो सुबह-शाम की ठंडक का अहसास हो सकता है पर मौसम विभाग के संकेत बता रहे कि पूरे अक्टूबर ही पारा सामान्य से ज्यादा ही रहने के आसार हैं।

प्रकृति कराने लगी मौसम बदलने का अहसास। शहर क्षेत्र में तो मौसम में बदलाव का अभी कोई संकेत नजर नहीं आ रहा मगर सुबह और शाम के समय शहर से निकलते ही हल्की धुंध नजर आने लगी है। साफ है कि जल्द ही मौसम बदलने वाला है।

# गैस एजेंसी संचालक से पांच लाख की धोखाधड़ी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। वरिष्ठ नगर नियोजक के नाम से एक गैस एजेंसी संचालक से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भारत गैस एजेंसी के अजय चड्ढा से बीकानेर में नियुक्त वरिष्ठ नगर नियोजक राकेश मातवा के नाम पर 5 लाख 10 हजार की धोखाधड़ी की।

जवाहर नगर थाना पुलिस के अनुसार अजय चड्ढा की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में अजय चड्ढा ने बताया कि 21 सितम्बर को उनके पास एक फोन आया। कॉलर ने खुद को वरिष्ठ नगर नियोजक राकेश मातवा बताया तथा मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देते हुए 15-20 दिन के लिए 5-6 लाख रूपए की आवश्यकता बताई। चड्ढा मातवा को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं।

तथाकथित राकेश मातवा ने अपने बहनोई का मोबाइल नंबर देते हुए चंदन विश्वास नामक व्यक्ति के बैंक अकाउंट में रूपए जमा करवाने के लिए कहा।

- **फोन करने वाले ने खुद को वरिष्ठ नगर नियोजक राकेश मातवा बताया तथा मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देते हुए 15-20 दिन के लिए 5-6 लाख रूपए की आवश्यकता बताई**

अजय चड्ढा अपने कुछ दोस्तों गुरकीरत भुल्लर, अमित शर्मा व नरेश गोयल आदि ने मिलकर 5 लाख 10 हजार रूपए उक्त व्यक्ति की ओर से बताए बैंक अकाउंट में स्थानीय सुखाड़िया सर्किल के समीप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में 21 सितम्बर को ही राशि जमा करवा दी। 16 अक्टूबर को बीकानेर गए और राकेश मातवा से मिले। मातवा ने हैरानी व्यक्ति की। इस पर चड्ढा ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# निगम की टीम ने बाजारों में खाली कराए फुटपाथ

**बीकानेर,** (कासं)। दो दिन पहले नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष ने जिन बाजारों का दौरा किया था अब निगम वहां से फुटपॉथ खाली कराने में जुट गया है।

दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि अपनी सीमा में ही सामान रखें। इसकी वजह ये है कि त्योहारों पर सामान सड़क पर आ जाता है और राहगीरों को निकलने का रास्ता तक नहीं मिलता। नगर निगम के इंस्पेक्टर प्रदीप चारण की अगुवाई में नगर निगम की टीम केईएम रोड पहुंची। वहां फुटपॉथ पर रखे सामान हटवाए। दुकानदारों को समझाया भी कि सामान अपनी दुकान की सीमा से बाहर ना आए। फिर कोटगेट, सट्टा बाजार, सांखला फाटक गेट, भैरूंजी गली और

- **त्योहारों पर सामान सड़क पर आ जाता है और राहगीरों को निकलने का रास्ता तक नहीं मिलता**

उसके आसपास के बाजारों में निगम की टीम घूमी। जिनके सामान बाहर थे उन्हें अंदर रखवाया।

कुछ दुकानदारों से बहस करने की कोशिश की तो कुछ ने टीम देखते ही सामान अंदर रख लिया। दरअसल दो दिन पहले निगम आयुक्त मयंक मनीष इसी क्षेत्र के दौरे पर थे।

## जलदाय विभाग ने काटे 382 अवैध कनेक्शन

**बीकानेर,**(कासं)। जलदाय विभाग द्वारा अब तक 382 अवैध कनेक्शन काटे गए हैं। इनसे 10.98 लाख रूपए राजस्व वसूली की गई है।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित ने बताया कि विभाग द्वारा लगभग 630 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों में बकाया राशि जमा करवाने के लिए कहा गया है। बकाया राशि जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ता का जल संबंध विच्छेद किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग मंत्री और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की पालना में जिले में 5 अक्टूबर से अवैध जल संबंधों को काटने एवं बकाया राजस्व वसूली का सघन अभियान चलाया जा रहा है।

# 1.87 लाख बालिकाओं को मिलेगा गार्गी पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाली छात्राओं की संख्या में इस साल 85 हजार की बढ़ोतरी हुई है। बोर्ड परीक्षा - 2024 में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाली राज्य की 1.87 लाख बालिकाओं को गार्गी और 1.51 लाख बालिकाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा जायेगा। जबकि पिछले साल दोनों पुरस्कारों के लिए 2.53 लाख बालिकाएं पात्र थीं।

बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने गार्गी पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों पुरस्कारों में पात्र बालिकाओं को 30 नवंबर तक शाला दर्पण पोर्टल पर

- **बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 85 हजार छात्राएं बढ़ी**
- **1.51 लाख बालिकाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार**

ऑनलाइन आवेदन करना होगा। फाउंडेशन के सचिव तेजपाल मूंड ने इस संबंध में सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। दसवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाली पात्र बालिकाओं को 11वीं में नियमित रूप से अध्यनरत रहने पर गार्गी पुरस्कार की प्रथम किस्त 3 हजार रूपए तथा बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत 12वीं की पात्र छात्राओं को 5 हजार रूपए का पुरस्कार नगद प्रदान किया जायेगा। गार्गी की द्वितीय किस्त का भुगतान 79 हजार बालिकाओं को किया जायेगा।

पात्र बालिकाओं को पुरस्कार की राशि बैंक खातों में ट्रांसफर की जायेगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन में एसआर नम्बर, जन आधार नंबर और जनाधार मेंबर आईडी नंबर जरूरी है। फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि बालिका का खाता नहीं होने पर माता के खाते में पुरस्कार की राशि ट्रांसफर की जा सकेगी।

## सार-समाचार

### कार्डियो वैस्कुलर सेंटर का निरीक्षण



**विधायक जेठानंद व्यास ने सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, ट्रोमा सेंटर और कार्डियो वैस्कुलर सेंटर का निरीक्षण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने शनिवार को सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, ट्रोमा सेंटर और हल्दीराम मूलचंद कार्डियो वैस्कुलर सेंटर का औचक निरीक्षण किया। सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में साफ-सफाई की व्यवस्था पर असंतोष जताया तथा इसे दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शौचालय चालू स्थिति में रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया तथा सभी आवश्यक दवाईयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दवाईयों के अभाव में किसी भी मरीज को परेशानी नहीं हो। ट्रोमा सेंटर में निरीक्षण के दौरान सोनोग्राफी मशीन बंद होना पाया गया। विधायक ने अगले तीन दिनों में इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही यहां मरम्मत और रखरखाव के कार्यों की जानकारी ली। पीडब्लयूडी के अधिकारियों से दूरभाष पर फीडबैक लिया। उन्होंने हल्दीराम मूलचंद कार्डियो वैस्कुलर सेंटर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान पूर्व पार्षद शिवकुमार रंगा, किशन चौधरी, वीरेंद्र किराडू, अनिल आचार्य, मुरली व्यास आदि साथ थे।

### कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा



**वेटरनरी महाविद्यालय में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।**

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय एवं डॉ. बी. लाल लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए मेडिकल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. हेमन्त दाधीच ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान विद्यार्थियों कर्मचारियों एवं विश्वविद्यालय अधिकारियों की वजन, शुगर, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, थायरॉयड आदि की जांच की गई। प्रो. दाधीच ने बताया की बदलते खान-पान, दिनचर्या एवं मानसिक तनाव से वर्तमान समय में उच्च रक्त-चाप एवं शुगर की समस्या बढ़ गई है। हम समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर एवं उचित मेड़िकल परामर्श से इन बीमारियों के घातक परिणामों से बच सकते हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. बी. लाल लैबोरेट्री के जोनल मैनेजर मोहित खड़गावत के नेतृत्व में खुशबू, अब्दुल, नवीन एवं रफीक ने जांच में सहयोग किया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 60 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अशोक डांगी ने स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन किया।

### परीक्षा परिणाम घोषित

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा 6 परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश जोशी द्वारा घोषित किए गए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि जारी किए घोषित 6 परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत बी.टेक. आठवां सेमेस्टर मैन/बैक पुनर्मूल्यांकन परीक्षा जून-2024, एमसीए प्रथम सेमेस्टर मैन/बैक परीक्षा दिसम्बर-2023, एमसीए द्वितीय सेमेस्टर पुनर्मूल्यांकन परीक्षा जून-2023, एमसीए तृतीय सेमेस्टर मैन/बैक परीक्षा दिसम्बर-2023, एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा जून-2021, एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा जून-2022 के परिणाम घोषित किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली की सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था को लागू किया गया है। घोषित परिणाम की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### ऊंटों के रिसाला की जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों द्वारा क्ममचम राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इन विद्यार्थियों को भ्रमण पर जाने के पूर्व महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिवराम सिंह झाझड़िया अनुसंधान की महत्ता बताई तथा प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र चौधरी ने शैक्षणिक भ्रमण करने के लाभ बताये। सभी विद्यार्थी डॉ.राजेश कस्वां (भूगोल विभाग) डॉ.राजेश रांकावत (लोक प्रशासन विभाग) के निर्देशन में केन्द्र तक पहुंचे। अनुसंधान केन्द्र के अधिकारी सतनाम सिंह के द्वारा केन्द्र में बने एक संग्रहालय में ऊंटों से संबंधित वस्तुओं के बारे में बताया गया। महाराजा गंगासिंह द्वारा काम में ली गई ऊंट रिसाला (ऊंटों की सेना) में तथा इंदिरा गांधी नहर परियोजना में ऊंटों के योगदान के बारे में बताया गया।

# दीपावली से पहले सड़क मरम्मत का काम तेजी से पूरा हो : कलेक्टर

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट में अहम समीक्षा बैठक हुई। तीन घंटे चली बैठक में गिरदावरी एवं क्रॉप कटिंग, राजकीय कार्यालयों में रंग-रोगन, सड़क मरम्मत, नशा मुक्त मानस अभियान, जल जीवन मिशन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, डीएपी खाद की उपलब्धता एवं वितरण, पीएम किसान के आवेदनों की प्रगति पर समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों, तहसीलदार, पटवारी, गिरदावर को फसल कटाई प्रयोग का नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लम्बित ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने के नर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। इसलिए सम्मान निधि योजना के प्रति किसानों




**हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट सभागार में दीपावली पर व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।**

को जागरूक कर ई-केवाईसी कराए। उन्होंने नकली खाद-बीज को लेकर कार्यवाही करने और किसानों को जानकारी देने के लिए कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए।

कानाराम ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाए। कार्यक्रमों के जरिए कार्मिकों और विभागीय

- **जल जीवन मिशन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, डीएपी खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की**

लाभार्थियों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करें ताकि हर घर जल पहुंच सकें।

इन कार्यों में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत को प्राथमिकता दें। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विकास की गति बढ़ाकर आमजन को लाभान्वित करना ही हमारा ध्येय होना चाहिए।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स बताये

**बीकानेर,**(कासं)। ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसायटी ने 75 वर्ष पार व्यक्तित्वों का सम्मान किया।

ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसायटी के वार्षिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शंकरलाल कट्टा ने कहा कि सोसायटी अपने समाज के पेंशनर्स को जो बाधाएं आती हैं, उन्हें दूर करने में सहायता कर रही है। मुख्य अतिथि शिक्षाविद लक्ष्मी देवी स्वर्णकार ने महिला सशक्तिकरण की बात रखते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए।

विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद नन्दकिशोर बाडमेरा ने युवाओं को आधुनिक तकनीक के साथ व्यापार को ऊंचाईयां प्रदान करने हेतु सुझाव रखे। विशिष्ट अतिथि योगाचार्य श्रीगोपाल स्वर्णकार ने बच्चों के पूर्ण विकास हेतु शिक्षा के साथ स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाने की बात कही।

समाजसेवी गणेश सोनी ने समाज के विकास में मातृ शक्ति व युवाओं की भागीदारी पर अपना मत रखा। कार्यक्रम के शुरूआत में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं धर्मसीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संगीताचार्य ज्ञानेश्वर सोनी ने मां सरस्वती की वंदना की। मंचासीन अतिथियों का पुष्पमालाओं से सम्मान राधाकिशन भजूड़, रामकिशन सोनी, सूर्यप्रकाश भजूड़, लक्ष्मीनारायण बाडमेरा, गणेश सोनी, जुगराज सोनी और सुंदरलाल भजुड़ ने किया।



**ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसायटी ने 75 वर्ष की आयु पार करने वालों को सम्मानित किया।**